दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 19／10／2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्‌न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन का कार्य जारी है। दूसरे चरण के लिए कल नामांकन की अंतिम तारीख है। दूसरे चरण के चुनाव में राज्य के बीस जिलों में एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ग्यारह नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण के लिए प्रत्याशी तेईस अक्टूबर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। इधर, पहले चरण के चुनाव के लिए एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्र में नामांकन वापस लेने का कल अंतिम दिन है। भाजपा और जदयू ने चुनाव प्रचार में अपने स्टार प्रचारकों को लगा दिया है। दीपावली के बाद चुनाव प्रचार में और तेजी आने की संभावना है।

————————————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। प्रमुख उम्मीदवारों में मढ़ौरा से लोजपा, रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह और कुशेश्वरस्थान से विकासशील इंसान पार्टी के प्रत्याशी गणेश भारती का नामांकन रद्द कर दिया गया है। पहले चरण के लिए अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए एक हजार छह सौ अंठानवे नामांकन पर्चे भरे गए थे। इस चरण के लिए छह नवंबर को मतदान होगा।

————————————————————————

बिहार विधान सभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर विवाद और गहरा हो गया है। पहले चरण का नामांकन समाप्त होने के बाद कई सीटों पर कांग्रेस, राजद, वीआईपी और वाम दलों के उम्मीदवार एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने महागठबंधन के चुनाव संबंधी समन्वय समिति के अध्यक्ष और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से गतिरोध समाप्त करने की अपील की है। इधर, राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि गठबंधन के दलों के बीच सीट बंटवारे पर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी दलों के शीर्ष नेता बैठकर इस मुद्दे को सुलझा लेंगे।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस अक्टूबर को बेगूसराय और समस्तीपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————————

राज्य में पुलिस और विभिन्न एजेंसियों की ओर से कड़ाई से जांच की जा रही है। छह अक्टूबर को विधान सभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में दो करोड़ तिहत्तर लाख़ रुपए नगद राशि और बाईस करोड़ से अधिक की शराब जब्त की गई है। वहीं, सोलह करोड़ इक्कीस लाख रुपए से अधिक के मादक पदार्थ और नशे के सामान और पांच करोड़ रुपए से अधिक की कीमती धातुएं भी जब्त की गयी। कार्रवाई के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए ले जाये जा रहे लगभग बारह करोड़ के उपहार, फ्रीबीज जब्त किए गए हैं।

————————————————————————————

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि दवा और बायोटेक्नॉलोजी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा नेफिथ्रोमाइसिन विकसित कर ली है। नई दिल्ली में कार्यशाला का उद्‌घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि यह दवा विशेष रूप से कैंसर रोगियों और अनियंत्रित मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एक अन्य प्रमुख वैज्ञानिक उपलब्धि – हीमोफीलिया के उपचार में जीन थेरेपी के सफल स्वदेशी नैदानिक परीक्षण की भी जानकारी दी।

————————————————————————————

प्रदेश के मौसम में धीरे–धीरे बदलाव हो रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार अगले सप्ताह से ठंड में वृद्धि होने की सम्भावना है। ला–नीना के कारण इस वर्ष ठंड का मौसम अधिक दिनों का होगा। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

————————————————————————————

रेलवे त्योहारी सीज़न के दौरान बिहार और उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत के विभिन्न स्थानों के लिए सत्रह सौ से अधिक विशेष ट्रेनें चला रहा है। इसका उद्देश्य दिवाली और छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।